जागरण

# शाहजहांपुर में पुलिस ने दस लाख का नकली पेस्टीसाइड पकड़ा



Publish Date:Mon, 28 Dec 2020 12:36 AM (IST)Author: **Jagran**

*शाहजहांपुर जेएनएन। पुवायां तहसील नकली खाद पेस्टीसाइड की मंडी बन गई है। रविवार को पुलि*

शाहजहांपुर, जेएनएन। पुवायां तहसील नकली खाद, पेस्टीसाइड की मंडी बन गई है। रविवार को पुलिस ने मैलानी रोड पर करीब दस लाख कीमत की नकली पेस्टीसाइड पकड़ी। दुकान स्वामी को हिरासत में ले लिया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने रसायनों की पहचान कर तीन नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए है। छापे में मौके से बड़ी मात्रा में रसायन के साथ नामचीन कंपनियों के खाली रैपर व पैकिग मशीन बरामद हुई है।

रविवार को पुलिस ने गोपनीय सूचना पर मैलानी रोड पर चलना गांव के पास एक दुकान पर छापा मारा। मौके से टाटा रैलिस, वायर क्रॉप साइंस समेत तीन नामचीन ब्रांड के पैकेट व रैपर बरामद हुए। संबंधित कंपनी के जांच अधिकारी जीतू शर्मा भी पहुंच गए। पुलिस ने दुकान स्वामी अशोक कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो किसी बड़े माफिया का कारनामा सामने आया। दुकान स्वामी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही किराए पर दुकान ली गई थी। लेकिन वह किसी के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। टाटा कंपनी के जांच अधिकारी जीतू शर्मा ने कंटाप प्लस की 300 भरी, 300 खाली बोतलों के साथ ही 2250 रैपर, दो पैकिग मशीन, एक ड्रम में करीब 50 लीटर लिक्विड के अलावा बायर क्रॉप साइंस कंपनी की नटीवो पाउडर के 290 भरे पैकेट, 400 खाली पैकेट व 400 नकली रैपर बरामद किए। एसओ जयशंकर सिंह ने बताया कि दुकान स्वामी अशोक कुमार तथा एक अज्ञात के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। जल्द ही सरगना को पकड़ लिया जाएगा। पीपीओ की पहचान, जांच को लिए नमूने

जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने खरपतवार नाशी मेट्रीब्यूजिन 70 फीसद डब्ल्यूपी, ट्रेबूकोनाजोल 50 फीसद ट्राइप्लाक्सीस्टोबिन 25 फीसद डब्ल्यूजी फफुंद नाशक तथा हेक्साकोनाजोल 5 फीसद एससी का नमूना लिया है। उन्होंने सभी रसायनों को पुलिस अभिरक्षा में दे दिया है। रौसर कोठी में भी पकड़ा गया था नकली पेस्टीसाइड

रौसरकोठी में भी पुलिस ने नकली पेस्टीसाइड पकड़ा था। पुवायां व तिलहर में नकली डीएपी के मामले में भी आधा दर्जन को जेल भेजा गया। लेकिन कृषि रक्षा विभाग फिर भी नहीं जागा। नतीजतन, नकली खरपतवार नाशी व कीटनाशी रसायनों का चलन बढ़ता गया। क्या बोले अधिकारी

पुलिस ने खुटार में फसल में प्रयोग किए जाने वाले रसायन पकड़े है। जिस दुकान में रसायन मिले हैं उसका लाइसेंस नहीं है। प्रथम दृष्टया नकली के साथ ही यह कॉपीराइट का भी मामला है। तीनों प्रमुख रसायनों के नमूने ले लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। पकड़े रसायन की कीमत पांच लाख के करीब है, जबकि रैपर समेत कुल कीमत करीब आठ लाख होगी।

-शिवशंकर सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी

------------

थाने में किसानों के साथ बैठक की जा रही थी। एक किसान ने इस प्रकरण की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की। पूरे प्रकरण की जांच चल रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-निपुण अग्रवाल, एएसपी ग्रामीण

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/shahjahanpur-police-caught-fake-pestiside-of-one-million-in-shahjahanpur-21211770.html